GOLD : 52649
SILVER : 60927
CRUD OIL : 6524

# NEWSLETTER

Download Our App "SIS CONNECT" For Daily Updates. CLICK HERE

19/11/2022



# भारत में साल-दर-साल कम हो रहा कपास का उत्पादन



*-अरूण कुमारजी*
*(COTTON BROKER, GUJARAT)*

विश्व में सबसे ज्यादा भूमि पर कपास भारत में ही लगाया जाता है। बावजूद इसके कपास उत्पादन के मामले में हम हर साल पिछड़ते जा रहे हैं। पिछले 4 साल के आंकड़ों पर नजर करें तो लगभग सभी कपास उत्पादक राज्यों ने कपास का रकबा बढ़ाया है लेकिन उपज लगातार गिरी है। इसकी प्रमुख वजह है, लंबे समय से कपास के बीज को रिसायकल किया जाना जबकि, इसे बदलने की जरूरत है। अपनी रिपोर्ट के माध्यम से इस गंभीर विषय को एक बार फिर सामने लेकर आए है गुजरात के जाने-माने कॉटन ब्रोकर और विशेषज्ञ अरूण कुमारजी।

## सही बीज से देढ़ गुना बढ़ेगा उत्पादन

एसआईएस से बातचीत में उन्होंने बताया कि ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, अमेरिका और यहां तक की अफ्रीका जैसे देश भी लगातार कपास का रकबा घटाने और उत्पादन बढ़ाने के प्रयास कर रहे हैं और सफल भी हुए है। एकमात्र भारत ही ऐसा देश है जहां कपास का रकबा हर साल बढ़ रहा है लेकिन उत्पादन कम होता जा रहा है। सही बीज के साथ खेती की जाए तो इतने ही रकबे में लगभग देढ़ गुना उत्पादन होगा। उत्पादन बढ़ने से पूरी इंडस्ट्री की ग्रोथ होगी। और औद्योगिक दृष्टिकोण से देश को भी बहुत फायदा होगा।

## राज्यों की जलवायु में है अंतर

वर्तमान में हमारे देश में 252 तरह के कपास सीड का इस्तेमाल किया जा रहा है। लेकिन फिर भी उत्पादन में कोई सकारात्मक बदलाव नहीं है। देश में ना तो कपास का क्वालिटी उत्पादन हो रहा है ना ही क्वांटिटी अच्छी आ रही है। समझने की आवश्यकता है कि हमारा देश जलवायु विविधता वाला देश है। यहां अलग-अलग प्रांतों की मिट्टी की उपजाउ क्षमता और गुणवत्ता अलग-अलग है। राज्यों की जलवायु में भी बहुत अंतर है। इसलिए राज्यों की आवश्यकता के अनुसार बीज उपलब्ध कराने होंगे।

## यह किया जाना चाहिए

- एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट को एक कमेटी बनाकर कपास उत्पादक राज्यों की मिट्टी का परिक्षण करना चाहिए।
- मौसम और जलवायु के आधार पर कृषि के लिए बीज उपलब्ध कराए जाने चाहिए।
- सरकार को वर्तमान में इस्तेमाल किए जा रहे बीज का रिसाइकल तुरंत बंद कर देना चाहिए।

**ARUNKUMAR & CO. AHMEDABAD**
ADDRESS: 9 th AADIRAJ,AMBALI BOPAL ROAD,NR.HIRARUPA HALL,S.G.HIGHWAY-380058
M: 9824032240 arundalal@rocketmail.com

17/11/2022

AREA IN LAKH HECTARES - PRODUCTION IN LAKH BALE - YIELD IN KGS PER HECTARE

| STATE | 2019-20 | | | 2020-21 | | | 2021-22 | | | 2022-23 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | AREA | PRODUCTION | YIELD | AREA | PRODUCTION | YIELD | AREA | PRODUCTION | YIELD | AREA | PRODUCTION | YIELD |
| PUNJAB | 4.02 | | | | | | 2.50 | 8.00 | 544.00 | 2.50 | 4.50 | 306.00 |
| HARYANA | 7.01 | | | | | | 7.00 | 16.00 | 389.00 | 6.50 | 14.50 | 379.00 |
| RAJASTHAN | 6.45 | | | | | | 6.00 | 26.00 | 736.00 | 7.00 | 28.00 | 680.00 |
| NORTH TOTAL | 17.48 | 70.00 | 680.00 | 19.00 | 68.00 | 608.00 | 15.50 | 50.00 | 548.00 | 16.00 | 47.00 | 499.00 |
| | | | | | | | | | | | | |
| GUJARAT | 26.67 | 110.00 | 701.00 | 24.00 | 91.00 | 644.00 | 22.50 | 78.00 | 589.00 | 25.50 | 95.00 | 633.00 |
| MAHARASHTRA | 44.15 | 90.00 | 397.00 | 42.00 | 85.00 | 344.00 | 39.50 | 77.00 | 331.00 | 42.00 | 85.00 | 344.00 |
| MADHYA PRADESH | 6.10 | 20.00 | 557.00 | 7.00 | 18.00 | 437.00 | 6.00 | 14.00 | 396.00 | 6.00 | 19.00 | 538.00 |
| CENERAL TOTAL | 76.92 | 220.00 | 486.00 | 73.00 | 194.00 | 451.00 | 68.00 | 169.00 | 422.00 | 73.50 | 199.00 | 460.00 |
| | | | | | | | | | | | | |
| TELANGANA | 18.60 | 45.00 | 411.00 | 20.00 | 48.00 | 408.00 | 19.00 | 38.00 | 340.00 | 20.00 | 48.00 | 408.00 |
| ANDHRA PRADESH | 6.33 | 18.00 | 483.00 | 5.00 | 12.00 | 408.00 | 5.00 | 17.00 | 578.00 | 6.50 | 18.00 | 470.00 |
| KARNATAKA | 5.93 | 21.00 | 602.00 | 6.00 | 20.00 | 566.00 | 5.50 | 19.50 | 602.00 | 6.00 | 25.00 | 708.00 |
| TAMILNADU | 0.57 | 4.00 | 1192.00 | 2.00 | 6.00 | 510.00 | 2.50 | 10.00 | 680.00 | 2.50 | 6.00 | 408.00 |
| SOUTH TOTAL | 31.43 | 88.00 | 475.00 | 33.00 | 86.00 | 443.00 | 32.00 | 84.50 | 442.00 | 35.00 | 97.00 | 471.00 |
| | | | | | | | | | | | | |
| ORISSA | 1.97 | 4.00 | 345.00 | 2.00 | 6.00 | 510.00 | 2.50 | 6.50 | 442.00 | 2.50 | 7.00 | 476.00 |
| ORISSA TOTAL | 1.97 | 4.00 | 345.00 | 2.00 | 6.00 | 510.00 | 2.50 | 6.50 | 442.00 | 2.50 | 7.00 | 476.00 |
| | | | | | | | | | | | | |
| GRAND TOTAL | 127.80 | 382.00 | 508.00 | 127.00 | 354.00 | 473.00 | 118.00 | 310.00 | 446.00 | 127.00 | 350.00 | 468.00 |






# यूएस कॉटन इंडस्ट्री के मुख्य खिलाड़ी बने ब्राजील और ऑस्ट्रेलिया

कॉटन सीजन 2021-22 में ब्राजीलियन और ऑस्टेलियन कॉटन यूएस कॉटन मार्केट के सबसे बड़े प्रतियोगी के रूप में उभरकर सामने आए है। ब्राजीलियाई और ऑस्ट्रेलियाई कपास अमेरिकी कपास के लिए चुनौती ला सकते हैं। सबसे पहले, अनुकूल मौसम की स्थिति के तहत, ब्राजील और ऑस्ट्रेलिया में बंपर फसल होती है, जबकि सबसे बड़े कपास निर्यातक के रूप में, संयुक्त राज्य अमेरिका को गंभीर सूखे का सामना करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादन में भारी कमी आई और कपास की गुणवत्ता पर प्रभाव पड़ा।


## ऐतिहासिक उच्च स्तर पर डेटा

2022/23 सीज़न (अगस्त 2022 से) के बाद से, ब्राज़ीलियाई और ऑस्ट्रेलियाई कपास के मासिक निर्यात की मात्रा अधिक थी। अगस्त और सितंबर में, ऑस्ट्रेलियाई कपास का निर्यात क्रमशः 248kt और 215kt तक पहुंच गया, जो साल दर साल 125% और 71% बढ़ा, और अगस्त में डेटा ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। सबसे बड़ा खरीदार वियतनाम था, और लगभग आधा कपास वियतनाम को निर्यात किया गया था।

## गुणवत्ता भी उत्कृष्ट

कपास का अच्छा उत्पादन ही नहीं, ऑस्ट्रेलियाई कपास की गुणवत्ता भी उत्कृष्ट थी, जिसने दक्षिण पूर्व एशिया में खरीदारों को आकर्षित किया। निर्यात की मात्रा अगस्त और सितंबर में 185kt और 260kt तक पहुंच गई, जो साल दर साल 32% और 28% बढ़ी। साल दर साल 445kt या 32% की वृद्धि है। हालांकि, अमेरिकी कपास निर्यात वृद्धि सीमित थी। 2022/23 सीज़न में, निर्यात अगस्त से 3 नवंबर तक कुल 634.5kt था, जो साल दर साल 29% अधिक था। ब्राजीलियाई और ऑस्ट्रेलियाई कपास की निर्यात वृद्धि अमेरिकी कपास की तुलना में स्पष्ट रूप से अधिक थी, यह दर्शाता है कि उन्होंने अमेरिकी कपास के कुछ बाजार शेयरों को जब्त कर लिया है।

*CUSTOMER FAITH IS OUR STRENGTH AND PRIORITY*





## शेयर मार्केट में टेक्सटाइल सेग्मेंट के लिए गिरावट वाला रहा नवंबर का तीसरा हफ्ता

### 14 से 19 नवंबर के मध्य प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की शेयर रिपोर्ट पर एक नजर-

टेक्सटाइल निवेशकों के लिए पिछले सप्ताह की तरह यह सप्ताह भी गिरावट भरा रहा। लगभग सभी प्रमुख कंपनीज के शेयर्स के मार्केट कैप इस सप्ताह निगेटिव रहे। पिछले सप्ताह के मुकाबले केवल रेमण्ड के शेयर्स ने अच्छी बढ़त ली है। बाकि शेयर्स औंधे मुंह गिरे है। एक्सपर्ट्स की माने तो निवेश करने के लिए यह बेहतर समय है। आइए देखते है बीएससी के मंच पर प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की इस सप्ताह की रिपोर्ट-

| कंपनी | करंट प्राइस | हाई प्राइस | लोएस्ट प्राइस | हलचल |
|---|---|---|---|---|
| वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड | 339.45 | 347.95 | 330.05 | -1.37% |
| अरविंद लिमिटेड | 91.4 | 94 | 91.15 | -2.77% |
| वेलसपन इंडिया | 77.3 | 80.1 | 77 | -1.53% |
| नितिन स्पिनर्स | 189.8 | 198 | 189.25 | -1.66% |
| रेमण्ड | 1355.3 | 1363 | 1200 | 12.21% |

## जानिए इस सप्ताह की कॉटन मार्केट की हलचल

नवंबर माह के पहले दो सप्ताह में जहां कॉटन के भाव बढ़े वहीं तीसरे सप्ताह कीमतों में कमी दर्ज की गई। इंटरनेशनल और नेशनल दोनों ही एक्सचेंज मार्केट में इस सप्ताह कीमतों का ग्राफ गिरा। आइए जानते है इस सप्ताह के कॉटन मार्केट का सम्पूर्ण लेखा-जोखा-

आईस कॉटन पर सप्ताहअंत तक दिसंबर, मार्च और मई तीनों ही महीनों के सौदा भाव में क्रमशः 3.05, 2.55 और 2.49 अंक की कमी हुई। जबकि मल्टी एक्सचेंज कमोडिटी के प्लेटफॉर्म पर नवंबर और दिसंबर माह के लिए कॉटन की कीमतों में 970 और 420 रूपए की गिरावट आई है।

एनसीडीएक्स पर कपास के भाव पिछले सप्ताह में 1752 रूपए थे, जो इस सप्ताह 42 रूपए घटकर 1710 रूपए रह गए। खल के लिए भी यह सप्ताह गिरावट वाला रहा। दिसंबर, जनवरी और फरवरी माह के लिए खल की कीमतों में क्रमशः 101, 43 और 35 रूपए की कमी हुई है।

अन्य इंटरनेशनल एक्सचेंज मार्केट में कॉटन की स्थिति थोड़ी मजबूत रही है। यूएसडीए स्पॉट रेट को छोड़ अन्य सभी जगह कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कॉटलुक ए इंडेक्स पर 0.5, ब्राजील कॉटन इंडेक्स पर 0.65, एमसीएक्स स्पॉट रेट पर 740 और केसीए स्पॉट रेट पर 700 अंक की बढ़ोतरी कॉटन दामों में देखी गई है।

**SMART INFO SERVICES**
**CALL : 91119 77771 - 5**
**WEEKLY CHART 19.11.2022**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **ICE COTTON** | | | |
| MONTH | 11.11.22 | 18.11.22 | WEEKLY CHANGE |
| DEC | 88.20 | 85.16 | -3.04 |
| MARCH | 86.33 | 83.78 | -2.55 |
| MAY | 85.56 | 83.07 | -2.49 |
| **MCX (BALES)** | | | |
| NOV | 33210 | 32240 | -970 |
| DEC | 31800 | 31380 | -420 |
| **NCDEX (KAPAS)** | | | |
| APRIL | 1752 | 1710 | -42 |
| **NCDEX ( COCUD KHAL)** | | | |
| DEC | 2770 | 2669 | -101 |
| JAN | 2668 | 2625 | -43 |
| FEB | 2690 | 2655 | -35 |
| **CURRENCY ($)** | | | |
| INDIAN (Rupee) | 80.80 | 81.7 | 0.9 |
| PAK (Pakistani Rupee) | 221.559 | 222.453 | 0.894 |
| CNY (Chinese yuan) | 7.10817 | 7.11988 | 0.01171 |
| BRAZIL (Real) | 5.32518 | 5.38223 | 0.05705 |
| AUSTRALIAN Dollar | 1.48953 | 1.4981 | 0.00857 |
| MALAYSIAN RINGGITS | 4.62698 | 4.55378 | -0.0732 |
| COTLOOK "A" INDEX | 103.55 | 104.05 | 0.5 |
| BRAZIL COTTON INDEX | 99.12 | 99.77 | 0.65 |
| USDA SPOT RATE | 87.56 | 82.74 | -4.82 |
| MCX SPOT RATE | 32360 | 33100 | 740 |
| KCA SPOT RATE (PAKISTAN) | 16700 | 17400 | 700 |